Title: Need to ensure procurement of entire amount of cotton by agencies in Maharashtra with a view to protect the interest of cotton growers.

श्री चन्द्रकांत खैरे (औरंगाबाद, महाराष्ट्र) : महोदय, महाराष्ट्र में कपास की रिकार्ड तोड़ फसल हुई है। राज्य में पिछली बार की तुलना में तकरीबन १६ हजार क्विंटल से भी अधिक कपास खरीदा जा चुका है, परन्तु अत्यधिक उत्पादन के कारण विपणन महासंघ के पास जगह नहीं है। फलस्वरूप उन्हें कई केन्द्र बंद करने पड़े हैं, जिसके कारण हजारों रुपए लगाकर कपास बेचने यहां पहुंचे किसानों के सामने अब वापिस लौटने के अलावा और कोई रास्ता नहीं है।

अतः सरकार से अनुरोध है कि वह इस मामले में उचित कदम उठाए ताकि किसानों को किसी तरह की हानि न पहुंचे और किसानों के हितों की रक्षा हो सके।